समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# भगवान श्रीराम की शरण मे एंलन मस्क के पिता एरोल मस्क, अयोध्या मे करेगें रामलला के दर्शन।

Publisher
Published on 03 Jun 2025



## व्यावसायिक और आध्यात्मिक यात्रा पर भारत पहुंचे एरोल मस्क, सौर ऊर्जा और इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग यूनिट का भी करेगें निरीक्षण।

**नई दिल्ली/अयोध्या : टेस्ला के मालिक एलन मस्क के पिता एरोल मस्क रविवार, 2 जून** को **भारत यात्रा** पर पहुंचे। उनकी यह यात्रा **5 दिनों की है और 6 जून को वे दक्षिण अफ्रीका** लौटेंगे। **एरोल मस्क** का यह दौरा केवल बिजनेस तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें **भारतीय संस्कृति** और **अध्यात्म का भी विशेष स्थान** है।

**अयोध्या मे लेगें रामलला का आशीर्वाद**

एरोल मस्क अपनी यात्रा के प्रमुख पड़ाव **अयोध्या** में **श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का दर्शन** करेंगे। वे **रामलला का आशीर्वाद** लेंगे और आध्यात्मिक शांति का अनुभव करेंगे। यह कदम भारत की धार्मिक विरासत के प्रति उनके सम्मान को दर्शाता है।

**ग्रीन टेक्नोलॉजी को लेकर भारत मे संक्रियता**

**१.एरोल मस्क हाल ही मे भारत की सर्वोटेक पावर सिस्टम्स के ग्लोबल एडवाइजरी बोर्ड मे शामिल हुए है।**
२. **वे हरियाणा के सफियाबाद स्थित सोलर और EV चार्जिंग यूनिट का दौरा करेगें।**
३. **एक पौधारोपण कार्यक्रम मे भी भाग लेगें।**

**सरकारी अधिकारियों और निवेशकों से मुलाकात**

2 जून को एरोल मस्क की मुलाकात भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों, **निवेशकों और बिज़नेस लीडर्स** से होगी। यह बैठक

भारत के **इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर** और **ग्रीन एनर्जी इनोवेशन** को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने की योजना का हिस्सा है।

### एलन मस्क से रिश्तों पर बयान से चर्चा मे ं

हाल ही में एक पॉडकास्ट में एरोल मस्क ने अपने बेटे **एलन मस्क** को "अ**च्छा पिता नहीं**" बताया। एलन ने भी अपने बचपन को "**नाखुश**" कहा था, लेकिन **एरोल मस्क** ने इसका खंडन करते हुए कहा कि एलन का बचपन रॉ**ल्स-रॉयस** में स्कूल जाने और लग्जरी से भरा हुआ था।

### 6 जून को रवाना होंगे साउथ अफ्रीका

एरोल मस्क की **भारत यात्रा 6 जून को समाप्त** होगी। इस दौरान वे **धार्मिक, व्यावसायिक और रणनीतिक उद्देश्यों** को पूरा करने वाले कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: [www.samacharwani.com](http://www.samacharwani.com)

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.